मंगलवार
पटना, 16 फरवरी 2010
18 + 4 (हस्तक्षेप) पृष्ठ
मूल्य रु. 4.00 आमंत्रण मूल्य : 3.00
राष्ट्रीय सहारा
सच कहने की हिम्मत
खाद पर जारी रहेगी सब्सिडी | 16 | सानिया क
पटना | नई दिल्ली | लखनऊ | गोरखपुर | कानपुर | देहरादून से प्रकाशित
राष्ट्रीयता | कर्तव्य | समर्पण
नगर संस्करण

Date: 16 February 2010

Edition: Patna

Page: 15

# आईपीएल क्रिकेट का लाइव शो

## बिहार-झारखंड के सिनेमाघरों में दर्शक लेंगे स्टेडियम का मजा

**पटना (एसएनबी)।** देश के सिनेमाघरों में पहली बार यूएफओ मूवीज डीएलएफ आईपीएल 2010 मैच का लाइव शो दिखाया जाएगा। मैच के लाइव शो को सिनेमाघरों में देखने एवं स्टेडियम में बैठकर देखने में कोई फर्क नहीं होगा। ये बातें यूएफओ मूवीज के नेशनल सेल्स हेड दीपक रंजन ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि मैच के दौरान हर ओवर के अंतराल में विज्ञापन नहीं दिखाया जाएगा। दर्शकों के उत्साहवर्द्धन के लिए चीयर लीडर्स और बैंड-बाजे का भी इंतजाम होगा। मैच के दौरान आयोजित कॉन्टेस्ट को संचालित करने एवं विजेताओं के नाम को घोषित करने के लिए सिनेमा जॉकी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल सिनेमा नेटवर्क यूएफओ मूवीज द्वारा लाइव मैच दिखाने के लिए बिहार-झारखंड में अभी तक 33 सिनेमाघरों को बुक किया जा चुका है। जरूरत पड़ने पर सिनेमाघरों की संख्या में और बढ़ोत्तरी की जाएगी।

यूएफओ मूवीज के स्ट्रैटजिक एडवाइजर चारू साटम ने कहा कि मैच देखने के लिए दर्शकों को सिनेमाघरों के टिकट चार्ज अदा करना होगा। मैच देखने के लिए अधिकांश सिनेमाघरों में अग्रिम बुकिंग चालू कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि मैच दिखाए जाने वाले सिनेमाघरों में गया का आनंद, रांची का सुजाता व मीनाक्षी, औरंगाबाद का नरेन्द्र, बोकारो का पाली प्लाजा, बिहारशरीफ का किसान, छपरा का ज्योति, दरभंगा का पूनम, नवादा का नटराज डेहरी का जय हिंद, मुंगेर का कोनार्क एवं बक्सर का कुंवर विजय शामिल है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते यूएफओ के दीपक रंजन व अन्य।